| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Free Press | Indore | 01.05.2024 | 03 | IDA to hand over two plots to metro | Neutral |

03 INDORE CITY
INDORE | WEDNESDAY | MAY 1, 2024 www.freepressjournal.in

# IDA to hand over two plots to Metro

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

Indore Development Authority has agreed to allot two plots for metro's development. One plot would be allotted at Bengali Square and another for power supply unit in Gandhi Nagar.

Bengali Square metro station would be constructed between Bengali Square and Telephone Nagar.

At the curve from Ring Road towards Kanadia Road, pillars of viaduct would be built on the corner plot. This plot is owned by Madhya Pradesh Metro Rail Company Limited. It was purchased from IDA for Rs 28 crore.The size of this land is approximately 20,000 to 22,000 square feet. In the second phase, a metro corridor would be built from Kanadia Road and then from Patrakar Square to Palasia.

The IMC would remove dividers, central lighting, green belt and railing, electric poles and other such obstacles. The removal process would start soon.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | नई दुनिया | इंदौर | 03.05.2024 | 03 | देश में पहली बार इंदौर मेट्रो के प्लेटफार्म पर भारतीय कंपनी से तैयार स्क्रीन गेट लगेंगे | Neutral |



नईदुनिया 3
इंदौर, शुक्रवार, 03 मई, 2024

स्वदेशी — अभी तक चीन की कंपनियों द्वारा बनाए गए लगाए जा रहे डोर, स्वदेशी से गुणवत्ता बढ़ेगी, सुरक्षा भी मजबूत रहेगी

# देश में पहली बार इंदौर मेट्रो के प्लेटफार्म पर भारतीय कंपनी से तैयार स्क्रीन गेट लगेंगे

उदय प्रताप सिंह ● नईदुनिया

इंदौरः मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्री सुरक्षा के लिए स्क्रीन डोर लगाए जाएगे। सितंबर में मेट्रो के प्रायरिटी कारिडोर पर ट्रायल के पहले गांधी नगर स्टेशन व सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 प्लेटफार्म पर ये स्क्रीन डोर लग जाएंगे। ऐसे में जब प्लेटफार्म पर ट्रेन पहुंचेगी, तब स्क्रीन गेट खुलने पर ही यात्री मेट्रो के अंदर जा सकेंगे। इससे प्लेटफार्म पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

अभी दिल्ली सहित कई शहरों में मेट्रो प्लेटफार्म व ट्रैक के बीच सुरक्षा के लिए स्क्रीन डोर लगाए जा रहे हैं। अभी तक चीन की कंपनियों द्वारा बनाए गए डोर ही लगाए जा रहे थे। इंदौर के मेट्रो स्टेशन पर लगाए जाने वाले ये सुरक्षा स्क्रीन डोर पर मेड इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत भारतीय कंपनी तैयार करेगी। पहली बार देश में इंदौर के मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म पर भारतीय कंपनी द्वारा तैयार सुरक्षा गेट लगाए जाएंगे। इससे गुणवत्ता बढ़ेगी और सुरक्षा भी मजबूत रहेगी।



मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म पर लगेंगे स्क्रीन गेट। ● प्रफुल्ल चौरसिया आशु

## भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड तैयार कर ही डिजाइन

मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि. द्वारा इंदौर व भोपाल के मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा स्क्रीन गेट लगाने का जिम्मा भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड को दिया गया है। कंपनी द्वारा गेट के डिजाइन को तैयार किया जा रहा है। ये कांच वाले स्लाइडिंग गेट होंगे। डिजाइन अप्रूव होते ही इस गेट को तैयार कर मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म पर लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। फिलहाल इंदौर में मेट्रो के प्रायरिटी कारिडोर में शामिल प्लेटफार्म पर पटरी के पास हिस्से पर इसके लिए जगह छोड़ी जा रही है।

## दिल्ली मेट्रो जैसी दुर्घटनाओं से होगा बचाव

पांच माह पहले दिल्ली मेट्रो में एक महिला की साड़ी फंसने के कारण वो मेट्रो पर घिसटती गई थी और उसकी मौत हो गई थी। ऐसे में मेट्रो प्लेफार्म पर लगने वाले ये सुरक्षा स्क्रीन गेट यात्रियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण होंगे। मेट्रो से निकले के बाद जब तक यात्री स्क्रीन गेट से पार होकर प्लेटफार्म पर पूरी तरह नहीं पहुंचेगा, तब तक प्लेटफार्म का स्क्रीन गेट बंद नहीं होगा। इस स्क्रीन गेट के बंद होने के बाद ही मेट्रो प्लेटफार्म से आगे बढ़ेगी। मेट्रो में सफर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | पत्रिका | इंदौर | 04.05.2024 | 02 | ये इंदौर मेट्रो है.... गांधी नगर डिपो 80% तैयार, पाँच स्टेशन का काम अंतिम दौर में | Neutral |

पत्रिका patrika.com
इंदौर, शनिवार 04 मई 2024

Pg-II

**#MetroTrain: सितंबर से मेट्रो को ट्रैक पर दौड़ाने के लिए तेजी से चल रहा काम**

# ये इंदौर मेट्रो है... गांधीनगर डिपो 80% तैयार, पांच स्टेशन का काम अंतिम दौर में


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

पत्रिका स्पॉट लाइट

**इंदौर.** शहर में मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। लगभग 248 करोड़ की लागत से 75 एकड़ भूमि पर गांधीनगर डिपो में मेट्रो के रखरखाव के लिए पांच शेड का काम चल रहा है, जिसमें से एक शेड का काम लगभग पूरा हो चुका है और बाकी चार के काम तेजी से चल रहे हैं, मतलब 80% काम हो चुका है। ट्रैक का काम भी अगले माह तक पूरा कर लिया जाएगा, वहीं पांच मेट्रो स्टेशन का काम भी अंतिम दौर में है।

## बहुत खास है डिपो, होते हैं सारे काम

गांधीनगर डिपो में ही दौड़ने वाली सभी ट्रेनें रात को खड़ी होंगी, जिसमें वर्कशॉप लेबर क्वार्टर्स, एडमिस्ट्रेटिव ब्लॉक सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी। इस डिपो में न केवल मेट्रो का रखरखाव होगा बल्कि कंट्रोलिंग सिस्टम भी यहीं होगा। सिग्नलिंग, कम्युनिकेशन, पॉवर सप्लाई सब कुछ यहीं से होगा। इसके लिए अलग-अलग शेड बनाए जा रहे हैं। शेड बनने के बाद कंट्रोलिंग और सिग्नलिंग का काम शुरू हो सकेगा। पावर ट्रांसमिशन सिस्टम का भी पूरा कंट्रोल डिपो से ही रहेगा। इन सभी कामों में से 80 प्रतिशत काम पूरे हो चुके हैं। बाकी बचे काम भी जल्द ही पूरे कर लिए जाएंगे।



## इन मेट्रो स्टेशन के काम जारी

**1- गांधी नगर :** पहला स्टेशन गांधी नगर या सुपर कॉरिडोर-1 है। 30 सितंबर 2023 को पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने इसी स्टेशन से इंदौर मेट्रो के ट्रायल को हरी झंडी दिखाई थी। इस स्टेशन का काम सबसे तेजी से हुआ है। सीढ़ियां, एस्केलेटर और लिफ्ट लग चुकी हैं। फिलहाल फिनिशिंग का काम अंतिम चरणों में चल रहा है।

**2- सुपर कॉरिडोर-2:** इस स्टेशन का काम 70 प्रतिशत हो चुका है। सीढ़ियां और एस्केलेटर लग चुके हैं। शेड लगाने का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। लिफ्ट लग चुकी है। कुछ हिस्सों में टाइल्स लगाने का काम बाकी है।

**3- सुपर कोरिडोर-3:** स्टेशन पर सीढ़ियां और पानी की टंकी बनाने का काम दो-तीन पहले ही खत्म हुआ है। एस्केलेटर लगा है, लेकिन लिफ्ट नहीं लगी है। यहां का काम बाकी स्टेशन से काफी कम हुआ है। फ्लोरिंग का भी पूरा हो चुका है।

**4- सुपर कॉरिडोर-4:** मेट्रो कॉरिडोर के चौथे स्टेशन का निर्माण 60 प्रतिशत तक हो चुका है। साइड में सीढ़ियां लग चुकी हैं, लेकिन लोहे की रेलिंग लगाना बाकी है। एस्केलेटर लग चुका है, लेकिन धूल से बचाने के लिए ढंक दिया है। पानी की टंकी काम काम पूरा हो गया है।

**5- सुपर कॉरिडोर-5:** इस स्टेशन तक मेट्रो का ट्रायल रन हुआ है। सबसे ज्यादा काम यहीं पर हुआ है। शेड लग गया है, सीढ़ियों व एस्केलेटर का काम पूरा हो चुका है। लिफ्ट का काम अधूरा है। फिनिशिंग का काम जारी है।

**6- सुपर कॉरिडोर-6:** लवकुश चौराहे के पहले यह स्टेशन बन रहा है। इस स्टेशन में शेड बनाने का काम जारी है। फ्लोरिंग का काम नहीं हो पाया है। डिजाइन में शेड लगाने के साथ उस पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं।

**नए रूट की मंजूरी के लिए दायर की याचिका**

## नई कोर्ट से रीगल तक मेट्रो को लाने पर बहस, फैसला सुरक्षित

**इंदौर.** मेट्रो ट्रेन के मध्य क्षेत्र के रूट को लेकर हाई कोर्ट में दायर याचिका पर शुक्रवार को जस्टिस एसए धर्माधिकारी और जस्टिस गजेंद्र सिंह की युगलपीठ में बहस हुई। कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा हैं। मेट्रो के रूट में बदलाव को लेकर राजलक्ष्मी फाउंडेशन की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि जिन हिस्सों में मेट्रो का काम चल रहा है, वहां की सड़कें काफी चौड़ी होने के बावजूद यातायात में दिक्कत हो रही हैं। जल्द ही मेट्रो के लिए पलासिया चौराहे से रीगल तिराहे तक लाइन डाली जानी हैं। सड़क का यह हिस्सा काफी संकरा है। इससे यातायात की बड़ी दिक्कत होगी। इससे बचने के लिए मेट्रो को स्कीम 140 से निर्माणाधीन नई कोर्ट से एग्रीकल्चर कॉलेज, एमवायएच के सामने, मधुमिलन चौराहे से आरएनटी मार्ग होते हुए रीगल तिराहे पर लाया जाए।

### किया जाए सर्वे

कोर्ट में कहा गया कि मेट्रो के वर्तमान में तैयार किए गए रूट के हिसाब से एमजी रोड पर यातायात की परेशानी को समझने के लिए एक कमेटी बनाकर सर्वे किया जाए। शहर के यातायात को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित रूट का फिजिकल वेरिफिकेशन भी करवा लिया जाए। कोर्ट में पक्ष रखा गया कि संस्था ने जो रूट प्रस्तावित किया हैं, उस पर मेट्रो आने से लोगों को भी सहुलियत होगी। शहर के वे बड़े हिस्से, जहां (जिला न्यायालय, एमवाय अस्पताल आदि) लोगों का बड़ी संख्या में आना-जाना होता हैं, वे भी कवर हो जाएंगे।

### फंक्शनिंग और प्री-टेस्टिंग सेफ्टी का काम जारी

डिपो में बनाए जा रहे एक शेड में तीन-तीन बोगियों की तीन ट्रेनें खड़ी हो पाएंगी। तैयार एक शेड में ट्रेनों के तकनीकी कार्य, फंक्शनिंग और प्री टेस्टिंग सेफ्टी सहित कई काम किए जाने हैं, जिसमें से ट्रायल की गईं दो नई ट्रेनों का काम जारी है, जबकि बाकी तीन ट्रेनों को वेटिंग में रखा गया है। जुलाई तक एक और मेट्रो गांधीनगर डिपो में लाई जाएगी, जिसे मिलाकर कुल छह मेट्रो ट्रेन डिपो में हो जाएंगी। डिपो का काम और पांचों नई ट्रेनों के तकनीकी और फंक्शनिंग के काम पूरे होने के बाद सितंबर 2024 से गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर-3 तक मेट्रो चलाई जाएगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | पत्रिका | इंदौर | 05.05.2024 | 04 | एमडी ने अंडरग्राउन्ड मेट्रो का लिया जायजा, एयरपोर्ट अथॉरिटी से की चर्चा | Neutral |

पत्रिका

### रीगल तिराहे से एयरपोर्ट तक अंडर ग्राउंड रहेगी मेट्रो

# एमडी ने अंडर ग्राउंड मेट्रो का लिया जायजा, एयरपोर्ट अथॉरिटी से की चर्चा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक सीबी चक्रवर्ती शनिवार को इंदौर आए। उन्होंने अधिकारियों के साथ इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के रीगल तिराहे से एयरपोर्ट तक प्रस्तावित अंडर ग्राउंड रूट की समीक्षा कर साइट का दौरा किया। सभी स्थानों के अंडर ग्राउंड सेक्शन के अलाइनमेंट और सभी मेट्रो स्टेशन की जगह को देखते हुए वे एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उन्होंने मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन के तहत बनने वाले अंडर ग्राउंड मेट्रो स्टेशन को लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी से चर्चा की।

मालूम हो, अभी एयरपोर्ट पर मेट्रो स्टेशन और अंडर ग्राउंड मेट्रो के टेंडर नहीं हुए हैं। मेट्रो का 8.62 किलोमीटर का हिस्सा रीगल तिराहे से एयरपोर्ट तक अंडर ग्राउंड रहेगा। एयरपोर्ट के पास अंडर ग्राउंड स्टेशन बनाया जाएगा। इस रूट पर रीगल तिराहा, नगर निगम मुख्यालय, छोटा गणपति, बड़ा गणपति, रामचंद्र नगर, कालानी नगर व एयरपोर्ट के पास स्टेशन बनाए जाने हैं। इस हिस्से में सघन बसाहट व प्रमुख बाजार होने से मेट्रो को अंडर ग्राउंड ले जाने की योजना बनाई है। निरीक्षण के दौरान मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी शोभित टंडन, निदेशक (एस) अजय कुमार आदि मौजूद थे।




## निगम मुख्यालय की जगह मेट्रो का राजबाड़ा स्टेशन

नगर निगम मुख्यालय की बिल्डिंग वाले कुछ हिस्से में राजबाड़ा का मेट्रो स्टेशन बनाया जाएगा। इसके स्थान पर निगम का हाईटेक भवन तैयार होगा। इसके लिए कंसल्टेंट नियुक्त करने के लिए करीब एक माह पूर्व टेंडर जारी हो चुके हैं। निगमायुक्त शिवम वर्मा के मुताबिक, निगम मुख्यालय के करीब मेट्रो का अंडर ग्राउंड स्टेशन प्रस्तावित है।

05/05/2024 | Indore City | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | नई दुनिया | इंदौर | 05.05.2024 | 03 | मेट्रो के अंडर ग्राउन्ड स्टेशन जोड़ने के लिए रूट तय करने की मशक्कत | Neutral |



# मेट्रो के अंडर ग्राउंड स्टेशन जोड़ने के लिए रूट तय करने की मशक्कत



मप्र मेट्रो रेल के एमडी ने एयरपोर्ट डायरेक्टर से चर्चा की • सौ. : इंटरनेट मीडिया

- एयरपोर्ट की आगामी योजनाओं को देखते हुए होगा काम
- मेट्रो के अधिकारियों रीगल तिराहे तक निरीक्षण किया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर :** मेट्रो के अंडर ग्राउंड हिस्से में सबसे पहले एयरपोर्ट के पास काम शुरू होना है। सुपर कारिडोर चौराहे पर बनने वाले मेट्रो के भूमिगत स्टेशन से एयरपोर्ट के अराइवल व डिपार्चर गेट तक अंडर ग्राउंड एप्रोच मार्ग बनाने की मेट्रो रेल प्रबंधन की योजना है। इस संबंध में शनिवार को मप्र मेट्रो रेल के एमडी सीबी चक्रवती और एयरपोर्ट डायरेक्टर सी रवींद्रन सहित अन्य अधिकारियों ने एयरपोर्ट क्षेत्र का मौका मुआयना किया।

एयरपोर्ट डायरेक्टर ने बताया कि भविष्य में एयरपोर्ट के विस्तार की योजना है और मौजूदा टर्मिनल के सामने वाले हिस्से में 20 एकड़ जमीन पर मल्टी लेयर पार्किंग बननी है। ऐसे में आगामी योजना को ध्यान में रखकर ही मेट्रो की कनेक्टिविटी का रूट तय किया जाए। ऐसे में अब मेट्रो के आर्किटेक्ट के साथ एयरपोर्ट प्रबंधन के दिल्ली में मौजूद आर्किटेक्ट मेट्रो की भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए रूट तय करेंगे। मेट्रो प्रबंधन चाहता है कि एयरपोर्ट के ज्यादा से ज्यादा समीप मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने का एप्रोच का रूट हो, ताकि बुजुर्ग यात्रियों के लिए सहूलियत हो। वहीं एयरपोर्ट प्रबंधन अराइवल व डिपार्चर गेट से दूर पार्किंग वाले हिस्से तक एप्रोच रूट देना चाहता है। शनिवार को मेट्रो प्रबंधन के अधिकारियों ने एयरपोर्ट से रीगल तिराहे तक अंडर ग्राउंड रूट पर आने वाले स्टेशन व वहां से पलासिया तक बनने वाले मेट्रो के ओवरहेड रूट का निरीक्षण किया।

**MP METRO NEWS**

**07th May 2024**


| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | पत्रिका | इंदौर | 07.05.2024 | 02 | पहले चरण की मेट्रो के आधे ट्रैक और थर्ड रेल का काम पूरा, सिग्नलिंग जारी | Neutral |


INDOREPRIME

# इंदौर प्राइम

पत्रिका patrika.com

इंदौर, मंगलवार, 07 मई, 2024

**अब पटरी की बारी...**

आइएसबीटी स्टेशन के सामने मेट्रो ट्रैक तैयार हो रहा है। अब जल्द ही पटरी लगाने का काम शुरू होने वाला है।

**आप जानना चाहते हैं कि आपकी मेट्रो के काम की स्थिति क्या है...?, पढ़ें यह खबर**

## पहले चरण की मेट्रो के आधे ट्रैक और थर्ड रेल का काम पूरा, सिग्नलिंग जारी

### गांधी नगर से छह स्टेशन तक कर्मचारियों के टाइमिंग पर दौड़ेगी मेट्रो

**इंदौर @ पत्रिका.** मेट्रो के पहले चरण का काम अंतिम दौर में है। गांधी नगर डिपो से टीसीएस चौराहा यानी सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर तीन तक छह किमी में ट्रायल रन हो चुका है। स्टेशनों की फिनिशिंग का काम ही बाकी है। दावा है कि सितंबर से लोग यात्रा कर सकेंगे। सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर 3 के अगले स्टेशन तक ट्रैक का काम भी पूरा हो गया है। गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक 17.5 किमी के एलिवेटेड कॉरिडोर का काम पहले ही हो चुका है। इसमें 9-9 किमी अप-डाउन यानी 18 किमी का ट्रैक डाला गया है। कर्मचारियों को जहां साइट मिल रही है, वहां के हिस्सों में काम किया जा रहा है।

### पत्रिका ऑडिट का ट्रैक और मेट्रो

- कुछ जगह थर्ड रेल लगाई जा चुकी है, जिससे मेट्रो को बिजली मिलेगी। सिग्नलिंग का काम जारी है। पहले चरण का काम पूरा होने पर वर्ष के अंत तक गांधी नगर डिपो से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो को रफ्तार मिलने की संभावना है।
- मेट्रो के रूट पर पांच स्टेशन हैं, वहीं एक और बढ़ चुका है। सुपर कॉरिडोर पर गांधी नगर स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 6, 5, 4, 3 व 2 में आने वाले विद्यार्थी व कर्मी मेट्रो में सफर कर पाएंगे। रूट पर ऑफिस व संस्थानों के टाइमिंग के आधार पर मेट्रो चलेगी।
- गांधी नगर से एयरपोर्ट तक का 1100 मीटर का ट्रैक पहले बनेगा, ताकि विजय नगर और रेडिसन चौराहे से एयरपोर्ट तक 17.5 किमी कनेक्टिविटी आसान हो सके। 700 मीटर का हिस्सा अंडरग्राउंड रहेगा। दूसरे चरण यानी शहीद पार्क से बंगाली चौराहा, कनाड़िया रोड, पलासिया, टीआइ मॉल तक एलिवेटेड कॉरिडोर का काम शुरू हो चुका है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | Free Press | Indore | 09 .05.2024 | 05 | Officials review location for metro station near airport | Neutral |

MADHYA PRADESH

Pg-05 INDORE | THURSDAY | MAY 9, 2024 www.freepressjournal.in

# Officials review location for Metro station near airport

OUR STAFF REPORTER
Indore

Indore Metro station is planned near the city airport in regards to which, higher officials reviewed premises and location where the connectivity can be prepared.

Shobhit Tandon said that we have visited there to learn about the place where Metro station can be planned. He said that the procedure will take time to finalise the place where the Metro could be taken out.

'Approvals are needed from Delhi from the Airport end,' he said. Madhya Pradesh Metro MD Sibi Chakkravarthy had a site visit to review the proposed Underground Alignment of Indore Metro Rail Project and also overseen the prospect of a Metro station near Indore Airport.

Senior officials from MPM Director(s) Shobhit Tandon, GM Civil Ajay Kumar, Director Airport Narendran and GC were present during the visit.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | Free Press | Indore | 15.05.2024 | 6 | Metro designed to run up to 90km/hr but.... | Neutral |

MADHYA PRADESH
06 INDORE | WEDNESDAY | MAY 15, 2024 www.freepressjournal.in

# Metro designed to run up to 90km/hr but...

**Bhopal:** Bhopal Metro train has been designed in such a manner that it can run up to the speed of 90 km per hour but here the speed will be set at 70 to 80 km/hr due to shorter distance between two stations. The testing of five metro trains, which have arrived so far in the state capital, is undergoing in a phased manner. An official of Madhya Pradesh Metro Rail Company Limited said that the train is designed to run up to a speed of 90 km/hour but practically it will move at a speed of 70 to 80 km/hr as the distance between the two stations is not much and the train will arrive at the next station within two minutes. So far, five metro train sets have arrived in the city and the next set is expected in July. In all 27 sets of metro trains are scheduled to run in Bhopal. As of now, metro authorities are focusing on testing the available trains and the same is being undertaken as per schedule. During the testing, brakes, CCTV, sound system, speed, software, announcement system etc are being checked.

MP METRO NEWS

16th May 2024


| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | Free Press | Indore | 16.05.2024 | 02 | In full throttle | Neutral |

INDORE CITY

www.freepressjournal.in INDORE | THURSDAY | MAY 16, 2024



## IN FULL THROTTLE



Construction work gathers pace at Luvkush Square as the flyover's steel girder and metro's launcher are installed there PHOTO BY – ANAND SHIVRE

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | पत्रिका | इंदौर | 16.05.2024 | 02 | गांधीनगर से रेडिसन तक लाँचर, मेट्रो के काम को मिलेगी रफ्तार | Neutral |

पत्रिका

इंदौर प्राइम INDORE PRIME

पत्रिका patrika.com

इंदौर, गुरुवार 16 मई 2024




### एयरपोर्ट पर अंडर ग्राउंड मेट्रो से कनेक्ट किया जाएगा टैबूलेटर

# गांधी नगर से रेडिसन तक लॉन्चर, मेट्रो के काम को मिलेगी रफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** मेट्रो के पहले चरण में सुपर कॉरिडोर से रेडिसन तक एलिवेटेड कॉरिडोर का काम 80 प्रतिशत तक हो चुका है। गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक लगभग सभी स्थानों पर लॉन्चर लगा दिए हैं। लवकुश चौराहे पर यह काम किया जा रहा है। अब सेगमेंट जोड़ने के साथ ट्रैक बनाया जाएगा। इससे मेट्रो के काम में तेजी आएगी।

कुछ चौराहों पर स्टेशन का निर्माण कार्य होने से ट्रैक का काम पूरा नहीं हो पाया है। इसे जल्द पूरा करने के लिए एलिवेटेड कॉरिडोर पर लॉन्चर डाले गए। गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर तक पहले ही लॉन्चर डालकर ट्रैक व अन्य काम पूरे किए जा चुके हैं। इस रूट के सभी स्टेशन का काम 50 फीसदी ही हुआ है। हालांकि इंदौर मेट्रो के अधिकारियों को सितंबर तक पहले चरण में मेट्रो दौड़ाना है। इसके लिए लॉन्चर डलने से काम तेज गति से होगा। दूसरी तरफ एयरपोर्ट से यात्रियों को मेट्रो की सुविधा देने के लिए अंडर ग्राउंड लिंक की प्लानिंग है। पहले एयरपोर्ट में ही स्टेशन बनाना था, लेकिन अब इसमें बदलाव कर अंडर ग्राउंड टैबूलेटर लगाया जा रहा है, ताकि यात्री विमान से उतरने के बाद सीधे मेट्रो तक पहुंच सकें। हालांकि इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को डिजाइन भेजी है।

### मौके पर पहुंचे अधिकारी

मेट्रो रेल के अधिकारी व एयरपोर्ट डायरेक्टर नरेंद्रन ने साइट इंस्पेक्शन किया है। मेट्रो के अधिकारी चाहते हैं कि एयरपोर्ट के यात्रियों के लिए टनल बनाई जाए। गेट से ही से अंडर ग्राउंड टनल उनके स्टेशन तक चली जाए। स्टेशन भी एयरपोर्ट के पास ही बनाने का प्रस्ताव एयरपोर्ट डायरेक्टर के समक्ष रखा है। पहले चरण में एयरपोर्ट से लेकर सुपर कॉरिडोर तक स्टेशन बन रहे हैं। अधिकारी मेट्रो स्टेशन को पहले एयरपोर्ट की जमीन पर ही बनाना चाहते थे, लेकिन एयरपोर्ट का विस्तार होना है। इसी के चलते अब एयरपोर्ट के पास नया मेट्रो स्टेशन बनाया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | पतिका | इंदौर | 17.05.2024 | 03 | मेट्रो को गति देने रोमानिया से आए प्रशिक्षक ने अधिकारियों को दी ट्रैनिंग | Positive |



## प्रशिक्षण का समापन, शामिल हुए थे इंदौर-भोपाल के 40 अफसर

# मेट्रो को गति देने रोमानिया से आए प्रशिक्षक ने अधिकारियों को दी ट्रेनिंग


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




इंदौर. भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल के अधिकारियों के चार दिवसीय प्रशिक्षण का गुरुवार को समापन हुआ। इसमें रोमानिया से आए एक्सपर्ट ओपरिया बोगदान ने प्रशिक्षण दिया। अधिकारियों को एफआइडीआइसी (इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ कंसल्टिंग इंजीनियर्स) के अनुरूप काम करने की ट्रेनिंग दी गई है। इसमें 40 अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण शिविर 16 मई को शुरू हुआ था। पहले दिन एफआइडीआइसी की अनुबंध की सामान्य शर्तों की जानकारी दी। इस दौरान बताया कि किस तरह से वे शर्तों का पालन कर अपने यहां चल रहे कामों में सुधार कर सकते हैं। दूसरे दिन एफआइडीआइसी की परियोजना दक्षता और प्रबंधन में आगे की तैयारियों के बारे में बताया। तीसरे दिन एफआइडीआइसी की शर्तों के तहत काम में किए गए बदलावों की कमियों और परियोजना प्रबंधन को और अधिक सुचारू बनाने का मार्ग प्रशस्त करने, विवाद और समाधान सहित अन्य मामलों की जानकारी दी गई। चौथे और अंतिम दिन एफआइडीआइसी की शर्तों के तहत मेट्रो परियोजनाओं को पूरा करने में आ रही रुकावट, जोखिमों को कम करने के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुछ स्थानीय सलाहकारों को भी बुलाया गया था, जिन्होंने चार दिनी ट्रेनिंग प्रोग्राम में अधिकारियों को प्रोजेक्ट से जुड़ी अहम जानकारियां दी। प्रशिक्षण में एमपीएम अधिकारी अजय शर्मा, सिस्टम निदेशक शोभित टंडन, वित्त महाप्रबंधक अबोध खंडेलवाल सहित भोपाल और इंदौर के मेट्रो रेल परियोजनाओं के 40 अधिकारियों ने भाग लिया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 21.05.2024 | 03 | भोपाल के बाद अगले माह इंदौर मे होगा ट्रेन का स्पीड रन ट्रायल | Neutral |

बदलते ज़माने का अख़बार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल | राष्ट्रीय | अंतर्राष्ट्रीय | प्रादेशिक | खेल | व्यापार

इंदौर सिटी Page: 3 May 21, 2024

## पब्लिक रन के लिए तैयार हो रही गांधीनगर डिपो में मेट्रो ट्रेन

# भोपाल के बाद अगले माह इंदौर में होगा मेट्रो का स्पीड रन ट्रायल

शैलेन्द्र वर्मा • इंदौर
मो.नं. 9584460010

इंदौर और भोपाल में मेट्रो का पब्लिक रन इस साल सितम्बर माह में होना तय किया गया है, जिसके लिए मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई। पिछले दिनों भोपाल मेट्रो ट्रेन का स्पीड ट्रायल रन किया गया, जिसमें ट्रेन को भोपाल के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर 80 की स्पीड से चलाकर टेस्ट किया गया। इसी तरह का टेस्ट इंदौर में अगले माह जून में होगा, जिसके लिए गांधीनगर मेट्रो डिपो में ट्रेन को तैयार किया जा रहा है। बताया जा रहा है... यह टेस्ट सितंबर में ट्रेन का पब्लिक रन शुरू करने से पहले की तैयारी का हिस्सा है। इंदौर और भोपाल में अब तक 5-5 ट्रेन पहुंच चुकी हैं। इन्हीं ट्रेनों के माध्यम से दोनों शहरों के लोगों के लिए मेट्रो रेल सेवा की शुरुआत की जाएगी।

**तकनीकी पहलुओं पर जांच जारी-** इंदौर-भोपाल मेट्रो ट्रेन के तकनीकी डायरेक्टर शोभित टंडन ने बताया कि भोपाल मेट्रो का पब्लिक रन के लिहाज से स्पीड ट्रायल रन किया गया है। यह सितंबर माह में ट्रेन चलाने की तैयारियों की शुरुआत है। इस दौरान ट्रेन का टेस्ट अलग-अलग स्पीड मोड पर किया, जिसमें 80 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से ट्रेन चलाई गई, साथ ही ट्रेन का ब्रेकिंग सिस्टम, डोर ओपन और क्लोज टाइमिंग, स्पीड पीकअप सहित अन्य तकनीकी पहलुओं पर जांच की गई। इसके बाद ट्रेन में सॉफ्टवेयर इंस्टालेशन का काम किया जाएगा, जिससे पूरी ट्रेन ऑटोमैटिक संचालित की जा सकती है। यह ट्रेन ड्राइवर लैस तकनीक पर आधारित है, पर पब्लिक रन ड्रायवर के साथ ही होगा।



### टेस्ट के बाद सॉफ्टवेयर से लैस होगी ट्रेन

एमपीएमआरसीएल के तकनीकी डायरेक्टर टंडन ने बताया कि भोपाल के बाद जून माह में इंदौर की मेट्रो ट्रेन का ट्रॉयल रन किया जाएगा। इंदौर में पांच ट्रेन हैं, जिसकी जांच तकनीक रूप से लगातार की जा रही है, इंदौर में गांधीनगर स्टेशन से टीसीएस चौराहे तक लगभग 5.2 किलोमीटर में प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रेन का सितम्बर माह में पब्लिक रन होगा। सभी जांच भोपाल की तरह इंदौर में भी होंगी। एक बार जांच पूरी होने के बाद ट्रेन में अनाउंस सिस्टम, ऑटो लाइटिंग सिस्टम, बैक इंजन सिस्टम, अलार्म, डोर ओपन एंड क्लोज, अपकमिंग स्टेशन इनफॉर्मेशन डिस्प्ले सिस्टम, फायर सेफ्टी सुरक्षा, आपातकाल सुरक्षा सहित अन्य सॉफ्टवेयर इंस्टालेशन काम होगा।

### इंदौर में स्पीड ट्रायल रन की तैयारी

भोपाल के बाद इंदौर में जून माह स्पीड ट्रायल रन टेस्ट की तैयारियां की जा रही हैं। डिपो में ट्रेन की ट्रेस्ट किए जा रहे, लेकिन स्पीड ट्रायल के दौरान कॉरिडोर पर ले जाया जाएगा। ट्रेन के सॉफ्टवेयर एआई बेस्ड है। सन लाइट के अनुसार कोच का लाइटिंग सिस्टम काम करेगा। हमारा लक्ष्य सितंबर माह के पब्लिक रन करने का है, इसी हिसाब से स्टेशन भी तैयार किए जा रहे हैं।

**शोभित टंडन, तकनीकी डायरेक्टर, एमपीएमआरसीएल**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 26 .05.2024 | 02 | विजय नगर थाने पर बनेगा मेट्रो स्टेशन, नया थाना व एसीपी ऑफिस बनाकर देगी कंपनी | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 26-05-2024 Pg-02

**इंदौर**

**मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट**

**नई जगह थाना शिफ्ट करने की रखी मांग**

# विजय नगर थाने पर बनेगा मेट्रो स्टेशन, नया थाना व एसीपी ऑफिस बनाकर देगी कंपनी

राघवेंद्र बाबा | इंदौर

मेट्रो का एक स्टेशन जल्द ही विजय नगर थाने के ऊपर बनेगा। इसके लिए मेट्रो ब्रिज बनाने वाली कंपनी का एक दल शनिवार को जोन-2 के अफसरों से मिलने पहुंचा था। दल ने अफसर को ड्रोन से बनाया प्रस्तावित नक्शा भी दिया है। यदि यह प्रस्ताव स्वीकृत हो गया तो थाना और एसीपी कार्यालय को तोड़कर पास ही नया भवन बनाकर दिया जाएगा। इसके लिए दोनों विभागों के प्रदेश स्तर के अफसर भी आपस में चर्चा करेंगे, ताकि भौतिक स्थिति साफ हो सके और कोई अड़चन न आए।

एडि.डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि उनसे मिलने के लिए मेट्रो बनाने वाली कंपनी का दल आया था। दल ने नक्शे में बताया कि मेट्रो स्टेशन सड़क के ऊपर किस तरह से बनेगा और इसकी इंट्री व एक्जिट विजय नगर थाने वाली जगह पर होगी। इसके लिए विजय नगर थाना और एसीपी कार्यालय में निर्माण की अनुमति मांग रहे हैं। मेट्रो वालों का कहना है कि स्टेशन के लिए यही स्थान चाहिए होगा। इसके लिए इंजीनियर्स ने दौरा कर लिया है और जगह देखकर निर्माण का खाका भी तैयार कर रखा है।

## नए थाने के लिए तीन जगह देखी, कोई पसंद नहीं आई

अमरेंद्र सिंह ने बताया कि हमने विजय नगर थाने के लिए तीन वैकल्पिक स्थान देखे थे, लेकिन वे पसंद नहीं आए। यहां रोजाना 100 से ज्यादा फरियादी व आरोपी आते हैं। थाने का पूरा सिस्टम और एसीपी कार्यालय शिफ्ट करना संभव नहीं है। उधर, कंपनी ने कहा कि जब तक नया निर्माण नहीं हो जाता तब तक वे नई जगह लगने वाले थाने का किराया भी अदा करेंगे।

**मेघदूत क्षेत्र से भी हटाई जाएंगी दुकानें** वहीं, मेघदूत गार्डन के पास भी एक स्टेशन बनेगा। यहां कुछ दुकानों को हटाना पड़ेगा। इसके लिए उन्होंने नगर निगम और संबंधित विभाग से चर्चा कर ली है।

**पलासिया में दो रहवासी टावर भी तोड़ने होंगे-** मेट्रो के अफसरों ने बताया कि एक साल में रोबोट चौराहे तक ट्रेन शुरू की जा सकती है। आगे बंगाली चौराहे से पलासिया वाला रूट तीन साल तक पूरा हो सकेगा। इसके लिए पलासिया नाले के पास बने दो रेसीडेंशियल टावरों को हटाना होगा। इसके लिए प्रशासन से चर्चा करेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | पत्रिका | इंदौर | 26 .05.2024 | 03 | मेट्रो एमडी मे गांधीनगर डिपो का लिया जायजा, दिए निर्देश | Neutral |



## मेट्रो एमडी में गांधी नगर डिपो का लिया जायजा, दिए निर्देश

**इंदौर.** मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी सीबी चक्रवर्ती ने शनिवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने इंदौर मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर के कामों को लेकर समीक्षा की। साथ ही काम में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। साथ ही मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए नई विकास रणनीतियों पर विचार-मंथन सत्र का भी हुआ। इसके बाद चक्रवर्ती ने गांधीनगर डिपो की साइट का दौरा कर कार्यों की समीक्षा भी की। इस दौरान अजय शर्मा निदेशक (परियोजना), शोभित टंडन निदेशक (प्रणाली) एमपीएम, अजय कुमार जीएम (सिविल) और अजय गुप्ता जीएम (ट्रैक) आदि उपस्थित रहे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 30.05.2024 | 2 | भोपाल-इंदौर मे मेट्रो कॉरीडोर के पास 5 गुना एफएआर बढ़ाने का भेजा प्रस्ताव | Neutral |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल | राष्ट्रीय | अंतर्राष्ट्रीय | प्रादेशिक | खेल | व्यापार

इंदौर सिटी Page: 2 May 30, 2024

## मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने स्वीकृति के लिए सरकार को भेजा प्रस्ताव

# भोपाल-इंदौर में मेट्रो कॉरिडोर के पास 5 गुना एफएआर बढ़ाने भेजा प्रस्ताव

अशोक गौतम • भोपाल
मो.नं. 9827334317

भोपाल-इंदौर शहर में पांच गुना फ्लोर एरिया रेश्यो (एफएआर) बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। मप्र प्रदेश रेल मेट्रो कारपोरेशन ने सरकार के पास इस तरह का एक प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव के अनुसार एफएआर सिर्फ मेट्रो रेल कॉरिडोर के आस-पास ही बढ़ाया जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद मेट्रो रेल लाइन के दोनों तरफ और स्टेशन के दोनों तरफ 500-500 मीटर तक हाईराइज भवन बनाए जा सकेंगे। यानी, प्लाट साइज का पांच गुना तक निर्माण हो सकेगा।

पीपुल्स समाचार विशेष

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट (टीएनसीपी) इस प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। टीएनसीपी ट्रांजिट ओरियंटेड डेवलपमेंट (टीओडी)एफएआर बढ़ाने पर कैबिनेट के पास प्रस्ताव भेजेगा। वर्तमान में भूमि स्वामी के लिए 125 फीसदी एफएआर है। यानी प्लाट साइज के 1.25 गुना तक निर्माण किया जा सकता है। नगर निगम स्थान और परिस्थिति के अनुसार इस एफएआर को कम और ज्यादा कर सकेगा।




### ये होगा फायदा

- एफएआर बढ़ने से रेलवे लाइन के दोनों तरफ मार्केट बनाया जा सकेगा।
- भूमि स्वामी के जमीन की कीमत कई गुना बढ़ जाएगी।
- भवन का विस्तार ऊपर होने से नीचे की जगह में पार्किंग, पब्लिक स्पेस मिलेगा।
- रेलवे लाइन के दोनों तरफ फुटपाथ भी बनाया जा सकेगा।
- सीवेज, बिजली लाइन, पानी का नेटवर्क और यूटिलिटी डक्ट भी बन सकेंगे।

### मार्जिनल ओपन स्पेस में आ सकती है समस्या

नए प्रस्ताव में मार्जिनल ओपन स्पेस (एमओएस) प्लाट के चारों तरफ की एरिया छोड़ने के मामले में सरकार के सामने समस्या आ सकती है। वर्तमान में दो हजार के प्लाट साइज में सामने 3 मीटर, दो तरफ ढाई-ढाई मीटर जगह (एमओएस) छोड़नी पड़ती है, जिससे फायर सहित अन्य आपदा मशीन को तीन तरफ से प्रवेश कराया जा सके। नए प्रस्ताव में सामने की तरफ 7.5 और दो तरफ 6-6 मीटर छोड़ना पड़ेगा। इससे बिल्डिंग की चौड़ाई कम होगी।

### बसाया जा सकेगा बाजार

भोपाल के 27 और इंदौर के 33 मीटर के कॉरिडोर में पीपीपी मोड पर बाजार बसाया जा सकेगा। इससे बाहर की बड़ी-बड़ी कंपनियां इन क्षेत्रों में आउट लेट खोल सकेंगी।

### समझिए पांच गुना एफएआर को

उदारहण के तौर पर अगर आपका कंस्ट्रक्शन 1000 वर्ग फीट में है तो आप 5 हजार वर्ग फीट का कंस्ट्रक्शन कर सकते हैं। मगर इसे ऊपर ही करना पड़ेगा।

### कुछ बड़े शहरों में मेट्रो के दोनों तरफ FAR की स्थिति

- **दिल्ली:** देश की राजधानी दिल्ली में मेट्रो रेल के दोनों तरफ चार तक एफएआर तय किया गया है।
- **उत्तरप्रदेश :** उत्तर प्रदेश के लखनऊ मेट्रो के दोनों तरफ एफएआर बढ़ाया गया है।
- **गुजरात :** गुजरात के न्यू गांधी नगर में करीब 11 से 12 एफएआर तय किया गया है
- **हैदराबाद :** हैदराबार में मेट्रो के दोनों तरफ 9 से 13 तक एफएआर तय किया गया है।
- **इन शहरों में इस पर अमल भी शुरू :** लखनऊ और न्यू गांधी नगर में पब्लिक यूटिलिटी पर काम भी शुरू कर दिया गया है। यहां भी जल्द क्रियान्वयन होगा।

### शासन को भेजा है प्रस्ताव

एफएआर बढ़ाने का प्रस्ताव शासन के पास भेजा गया है। यह नीतिगत मामला है, सरकार की हाईपावर कमेटी इस पर निर्णय लेती है। नीति और निर्देश बनने के बाद कैबिनेट के सामने प्रस्ताव रखा जाता है।

सिबी चक्रवर्ती एम, एमडी, मध्य प्रदेश रेल मेट्रो कार्पोरेशन

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 30.05.2024 | 01 | इंदौर-भोपाल मे एक माह मेट्रो की यात्रा होगी फ्री | Neutral |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी May 30, 2024


Pg-01

# इंदौर-भोपाल में मेट्रो का सफर एक महीने कर पाएंगे फ्री

## यात्रियों को ट्रेन के नियमों और उसके बारे में जानकारी के लिए दी जाएगी यह सुविधा



शैलेन्द्र वर्मा • इंदौर
मो.नं. 9584460010

इंदौर-भोपाल में मेट्रो जल्द ही चलने वाली है। दोनों शहरों में इसका सफर कैसा होगा यह समझाने के लिए करीब एक माह तक यात्रियों को फ्री मेट्रो ट्रेन की सुविधा देने पर विचार किया जा रहा है। इंदौर और भोपाल के सुपर प्रायॉरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो ट्रेन चलने की समय सीमा सितंबर 2024 है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन भोपाल में 6.22 किमी सुभाष नगर से एम्स और इंदौर में गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर टीसीएस चौराहे तक 5.8 किलोमीटर में ट्रेन चलाने की तैयारी कर रहा है। दोनों शहरों के नागरिकों के लिए यह पहला मौक होगा जब वो अपने शहर में मेट्रो का सफर करेंगे, यह एक नया अनुभव होगा, इसलिए इंदौर-भोपाल में मेट्रो का सफर कैसा होगा यह समझाने के लिए करीब एक माह तक यात्रियों को फ्री मेट्रो ट्रेन की सुविधा देने पर विचार किया जा रहा है।

**दिव्यागों के लिए विशेष सुविधाएं:** इस यात्रा के दौरान यात्री मेट्रो में दिव्यांगो, महिलाओं और वृद्धों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जान सकेंगे, साथ ही उन्हें बताया जाएगा सफर में कौनसी सावधानियां रखनी होंगी।

**नियमों की जानकारी मिलेगी :** ट्रेन के अंदर और स्टेशन पर परिसर में क्या अनुमति है, क्या प्रतिबंधित है। टिकट प्रणाली क्या है, वहीं मेट्रो स्टेशन, लिफ्ट और टिकट काउंटर पर दिव्यांगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

**ब्रेल में भी मिलेगी जानकारी :** यहां दृष्टिबाधितों के लिए ब्रेल लिपि का इस्तेमाल भी किया जाएगा। सीढ़ियों के साथ दिव्यांगों के लिए अलग से साइड रेलिंग और नीचे चलने के लिए विशेष प्रकार की टाइल्स लगाई जाएगी। जिससे दिव्यांग आसानी से मेट्रो रेल से आवागमन कर सकेंगे।

आम नागरिकों के लिए जब पहली बार किसी शहर में मेट्रो का संचालन शुरू किया जाता है, तो यात्रियों को जॉय राइडिंग की सुविधा दी जाती है। यह एक निश्चित अवधि के लिए निःशुल्क सफर होता है।

– **शोभित टंडन**, डायरेक्टर तकनीकी सिस्टम, एमपीएमआरसीएल

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | पत्रिका | इंदौर | 30.05.2024 | II | मेट्रो ट्रेन: दो स्टेशनो के बीच एक जून से दौड़ेगा करंट | Neutral |

INDORE PRIME
इंदौर प्राइम
पत्रिका patrika.com
इंदौर, गुरुवार 30 मई 2024
Pg-II

**शहर की रफ्तार के बढ़ते कदम: सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर दो और तीन के बीच शुरू हो रही है प्रक्रिया**

# मेट्रो ट्रेन: दो स्टेशनों के बीच एक जून से दौड़ेगा करंट

इंदौर @ पत्रिका. सितंबर तक मेट्रो के पहले चरण का काम पूरा करने के लिए तेज गति से काम किया जा रहा है। जिन मेट्रो स्टेशन का काम पूरा हो चुका है, वहां अब ट्रैक के पास थर्ड लेन में बिजली सप्लाई दी जाएगी। सुपर कॉरिडोर पर बनाए जा रहे मेट्रो कॉरिडोर के दो स्टेशनों की लाइन 1 जून से चार्ज की जाएगी। यह प्रक्रिया सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर दो और तीन के बीच शुरू हो रही है।

मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया, 1 जून से न तो उक्त हिस्से में कोई काम होगा, न कोई अनाधिकृत व्यक्ति जा सकेगा। जिस हिस्से में लाइन चार्ज की जा रही है वह भंवरासला चौराहे से टीसीएस के बीच है। मेट्रो कॉरिडोर पर ओवरहेड बिजली के तार या खंभे नहीं लगाए जा रहे हैं। पटरियों के समानांतर मेट्रो लाइन से जोड़कर ट्रेन को करंट दिया जाएगा।



## थर्ड लेन का काम जारी, एलिवेटेड कॉरिडोर पर डिवाइडर का काम शुरू

ट्रैक सहित एलिवेटेड कॉरिडोर और थर्ड लेन का काम अंतिम दौर में है। एलिवेटेड कॉरिडोर के पिलर के नीचे डिवाइडर बनाने का काम भी शुरू हो चुका है, ताकि मेट्रो शुरू होते ही कॉरिडोर पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो सके। हालांकि कई जगह अभी स्टेशन का काम भी बाकी है, इसलिए डिवाइडर सिर्फ सुपर कॉरिडोर स्टेशन 6 तक ही बन पाएंगे। रेडिसन तक डिवाइडर बनाने कर काम सितंबर तक पूरा हो सकेगा।